# Hindi Murli Quiz 15-01-2015

ये क्विज आज की मुरली पर आधारित है| मुरली सुनने के लिए यहाँ क्लिक करें| पुरानी क्विज  के लिए यहाँ क्लिक करें |

*Q.1)* **तुम शिवबाबा के बच्चे हो फिर मात-पिता चाहिए ना । मनुष्य तो भल गाते है परन्तु समझते थोड़े ही हैं । बाप समझाते हैं--इसका अर्थ कितना गुह्य है । गॉड फादर कहा जाता है, फिर मात-पिता क्यों कहा जाता? बाबा ने समझाया है- भल सरस्वती है परन्तु वास्तव मे सच्ची-सच्ची मदर ब्रह्मपुत्रा है । सागर और ब्रह्मपुत्रा है, पहले-पहले संगम इनका होता है । बाबा इनमें प्रवेश करते हैं । यह कितनी महीन बाते हैं**

A. ○ False
B. ◉ True

*Q.2)* **इस सृष्टि में कोई भी चीज सदा कायम नहीं है, सिवाए एक -------------के । पुरानी दुनिया की आत्माओं को नई दुनिया में ले जाने के लिए कोई तो चाहिए, यह भी ड़ामा का राज तुम बच्चे ही समझते हो । [एक सही उत्तर से रिक्त स्थान पूर्ती करें ]**

A. ○ माया
B. ○ नदियाँ
C. ◉ शिवबाबा
D. ○ प्रक्रति

*Q.3)* **वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही मिलाएं ----**
.

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | गॉड फादर की सर्विस क्या है? | बस, सबको यही पैगाम दो-मन्मनाभव । |
| B | बहुतो की बिल्कुल कम बुद्धि है, | उन्हों के लिए बाप कहते- बस अपने को आत्मा समझो । |
| C | नई दुनिया जब थी तो मालिक थें, पवित्र थे, | अभी पुरानी दुनिया मे पतित हो पड़े है,दुख मे हैं |
| D | बाप कहते है मुझे याद करो तो तुम्हारे पाप मिट जायेंगे, | तुम वाया शान्तिधाम सुखधाम में आ जायेंगे । |
| E | अब बाप आया है पतित से पावन बनाने, | योगबल से ही पावन बनेंगे । |

*Q.4)* **वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही मिलाएं ---**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | दूसरे धर्म वालों को सिर्फ इतना समझाना है कि बाप को याद करो, | धर्म को न देखकर आत्मा को देखना है,आत्मा को समझाना है । |
| B | बाप कहते है अपने को आत्मा समझने की प्रैक्टिस डालो तो, | नाम, रूप, देह सब भूल जाये । |
| C | माया से हारे फिर उठकर खड़े हो जाओ, | जितना खड़े होगे उतनी प्राप्ति होगी । |
| D | यह नर से नारायण बनने की सत्य कथा है इसको गीता भी कहते, | उन्होंने गीता अलग, सत्य नारायण की कथा अलग कर दी है । |
| E | आत्मा के पंख टूटे हुए है तो उड़ नही सकती, | बाप आकर ज्ञान और योग के पंख देते हैं । |

*Q.5)* **आज के वरदान अनुसार बाप के प्रेम में लवलीन रहने वाले बच्चों की विशेषताएं चयन करें-----**

A. ☑ वाटरपूफ कपड़े की तरह वह मायाप्रूफ बन जाते है ।
B. ☑ एक बाप दूसरा मैं, उसके बीच मे तीसरा कोई आ ही नही सकता ।
C. ☐ उनको दुनिया के कार्यों में रूचि नहीं रहती ।
D. ☑ उन्हे माया आकर्षित नहीं कर सकती ।
E. ☑ वे अल्पकाल के प्यार मे फँस नही सकते क्योंकि बाप का प्यार अविनाशी और नि :स्वार्थ है ।

*Q.6)* **यह बॉक्सिंग है-माया और ईश्वर के बच्चों की। बाबा ने समझाया है-माया पर जीत पाकर कर्मातीत अवस्था में जाना है। पहले-पहले तुम आते हो कर्म सम्बन्ध में। फिर आधाकल्प बाद तुम कर्म -----------मे आते हो। पहले-पहले तुम पवित्र आत्मा थी। कर्म----------न सुख का, न दुख का था, फिर सुख के सम्बन्ध में आये।**
**[एक सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें ]**

- A. (◉) बन्धन
- B. ( ) फल
- C. ( ) सम्बन्ध
- D. ( ) प्रभाव

*Q.7)* **आज की मुरली के अनुसार धारणा के अन्तर्गत दिये सभी पॉइंट्स का चयन करें ----**

- A. [x] पावन बनने की प्रतिज्ञा कर, पावन बन पावन दुनिया का मालिक बनना है।
- B. [x] किसी को भी ज्ञान सुनाते समय बुद्धि मे रहे कि हम आत्मा भाई को ज्ञान देते है।
- C. [ ] समय कम है, बापसमान बनने के लिए तीव्र पुरुषार्थ करना है
- D. [x] याद की यात्रा में रह, माया पर जीत पाकर कर्मातीत अवस्था को पाना है।
- E. [x] एकान्त में ज्ञान का मनन- चिन्तन करना है।

*Q.8)* **आज की मुरली के अनुसार ज्ञान के शौकीन बच्चों की निशानियाँ चयन करें ---**

- A. [x] एकान्त मे जाकर विचार सागर मंथन करेगे।
- B. [x] कभी परचितन नही करेगे।
- C. [x] वे आपस मे ज्ञान की ही बाते करेगे।

*Q.9)* **वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही मिलाएं ---**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | तुमको यह याद रहना चाहिए कि हम ब्राह्मण है। | एक बात याद रहे तो भी बेड़ा पार है। |
| B | अपने को संगमयुगी समझें तो , | सतयुग के झाड़ देखने में आयें और अथाह खुशी भी रहे। |
| C | संगमयुग की यह एक ही पढ़ाई है, | नर से नारायण, नर्कवासी से स्वर्गवासी बनने की। |
| D | कोई की स्त्री मर जाती है तो कहेंगे वह स्वर्गवासी हो गई। | स्वर्ग क्या चीज है, वह नही जानते। |
| E | निश्चय करने से ही वारिस हो जाता है। | फिर अगर कोई अकर्तव्य करेंगे तो सजायें बहुत खानी पड़ेंगी। |

*Q.10)* **"-------------------कर्म करने वाला ही सेकण्ड मे फुलस्टॉप लगा सकता है।"**
**[निम्नलिखित में से एक सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें ]**

- A. ( ) प्रभु-प्रेम में लवलीन रहकर
- B. (◉) [न्यारे-प्यारे होकर
- C. ( ) दृढ़ता-पूर्वक
- D. ( ) ज्ञानी तू आत्मा बनकर